हरियाणा विधान सभा

की

कार्यवाही

26 फरवरी, 1986

प्रथम बैठक

खण्ड 1, अंक 7

अधिकृत विवरण

विशय सूची

बुधवार, 26 फरवरी, 1986

	पृश्ट संख्या
तारांकित प्र न एवं उत्तर	(7) 1
नियम 45के अधीन सदन की मेज पर रखे गए तारांकित प्र नों के लिखित उत्तर	(7) 23

बिल्ज (इंट्रोटयूस्ड–सदन की अनुमति से) –	
(i) दि पंजाब विलेज कामन लैण्ड्ज (रैगुले ान) हरियाणा अमैन्डमैंट बिल 1986	(7) 25
(ii) दि हरियाणा रूरल डिवैल्पमैट बिल, 1986	(7) 25
(iii) दि हरियाणा कोआप्रेटिव सोसाइटीज (सैकिण्ड अमैन्डमैंट) बिल, 1986	(7) 26
(iv) दि हरियाणा अर्बन (कन्ट्रीोल आफ रैन्अ एन्ड एक्कि ान अमैडन्डमैट बिल, 1986	(7) 26
(v) दि हरियाणा हाउसिग बोर्ड (अमैडमैट) बिल, 1986	(7) 27
(vi) दि हरियाणा म्यूनिसिपल (अमैटमैट एन्ड वैलीडे ान) बिल, 1986	(7) 28
(vii) दि हरियाणा जनरल सेल्ज टैक्स (सैकिण्ड अमैडमैट) बिल, 1986	(7) 28
वर्श 1986–87 के बजट पर सामान्य चर्चा	(7) 29
अनैक चर	(7) 75

हरियाणा विधान सभा

बुधवार 26, फरवरी 1986

विधान सभा की बैठक, हरियाणा विधान इसभा हाल, विधान भवन, सैक्टर–1, चण्डीगढ़ में प्रातः 9–30 बजे हुई। अध्यक्ष (सरदार तारा सिंह) ने अध्यक्षता की।

तारांकित प्र न एवं उत्तर

श्री अध्यक्षः मैम्बर साहेबान, अब क्वे चंज होगे।

Declaration of Kurukshetra as industrially backward area

*** 1099 Ch. Sahab Singh Saini:** Will the Minister for Industreis be pleased to state—

(a) Whether ther is any proposal under consideration of the Government to declare Kurushetra as a industrially backward area; and

(b) If so, the steps, if any, taken in this respect together with the time by which the said proposal is likely to mature?

उद्योग मंत्री (श्रीमती शकुन्तला भगवाड़िया):

(क) हां।

(ख) मामले को भारत सरकार के साथ उठाने बारें आव यक आंकड़े एकत्रित किए जा रहे है क्योंकि किसी भी क्षेत्र को औद्योगिक पिछड़ा घोशित करने के लिए भारत सरकार ही सक्षम है, अतः इस मामले में कितन समय लगेगा इसका पूर्वानुमान नही लगाया जा सकता।

चौधरी साहब सिंह सैनः अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय ने सवाल का जवाब दिया है कि इस बारें में आव यक आंकड़े एकत्रित किये जा रहे है। मै आपके द्वारा मंत्री महोदया से जानना चाहता हूं कि आंकड़े कब से एकत्रित करने भुरू किए है ओर एकत्रित करने में कितना समय लगेगा? अध्यक्ष महोदय, आपकों पता है कि कुरूक्षेत्र में देवीदासपुरा के पास तीन हजार एकड़ जमीन हुड्डा ने इंडस्ट्रीयल एरिया के लिए एक्वायर कीथी और वहां प्लाट परे तौर परनही बिक रहे है क्योंकि उन प्लाट्स का रेट बहुत महंगा है।

श्रीमती शकुन्तला भगवाडियाः अध्यक्ष महोदय, 11.2.1985 को मख्य मंत्री महोदय कुरूक्षेत्र गए थे उस समय उन्होने लोगों को यह आ वान दिया था कि कुरूक्षेत्र को इंडस्ट्रीयली बैकवर्ड एरिया घोशित करने के लिए हम भारत सरकार को केस प्रस्तुत करेगे अब हमारे कुरूक्षेत्र में में जो जिला स्तर के महा प्रबन्धक है, और सांख्यक अधिकारी है वे आंकड़े एकत्रित कर रहे है। इस बारें में यह बताना बहुत मु कल है कि कितने समय में यह आंकड़े एकत्रित हो जायेगे।

चौधरी फूल सिंहः अध्यक्ष महोदय, मै आपके द्वारा मंत्री महोदया से जानना चाहूंगा कि राज्य में और कौन कौन से ऐसे क्षेत्र है जिनको ओद्योगिक दृश्टि से पिछड़ा हुआ घोशित किया गया है? 1983 में अम्बाला तहसली को औद्योगिक दृश्टि से पिछड़ा हुआ घोशित करने के लिए इस सदन में एक प्रस्ताव आया था और डिस्कस हुआ था और यह आ वासन दिया गया था कि सरकार सैन्ट्रल गवर्नमैट के साथ इस मामले को टेक–अप करेगी। मै मंत्री महोदया से जानना चाहता हूं कि इस बारें में क्या कार्यवाही की गई?

श्रीमती शकुन्तला भगवाड़ियाः अध्यक्ष महोदय, सेठ राम दास धमीजा का अम्बाला तहसील को इंडस्ट्रीयली बैकवर्ड एरिया घोशित करने क लिए एक रैजोल्यू ान आया था और दिये गये आ वासन के अनुसार हमने उस बारें में भारत सरकार को केस भेज रखा है। जब भी इस बोरं में मंजूरी आएगी हम उस पर कार्यवाही भुरू कर देगे।

श्री कंवल सिंहः अध्यक्ष महोदय, मै आपक द्वारा मंत्री महोदया से जानना चाहता हूं कि क्या हरियाणा सरकार होटल इंडस्ट्री मानती है और जो सुविधाए भारत सरकार इनकों देती है क्या हरियाणा सरकार भी उनको वैसी सुविधाएं दने की दि ाा में कोई कार्यवाही करना चाहती है?

श्रीमती शकुन्तला भगवाड़ियाः अध्यक्ष महोदय, इस बारें में मुझे ज्ञान नही है। लेकिन काटेज इंडस्ट्री को इंडस्ट्रा मानते है और जो सुविधाएं काटेज इंडस्ट्री के व्यक्ति चाहते है उनके बारें में हमारा विभाग उनको सहयोग देता है।

श्री भले रामः स्पीकर साहब, हर सै ान में यह बात आती है कि फलां जिले को या तहसील का इंडस्ट्रीयली बैकवर्ड एरिया करार दिया जाए। हमारे हरियाणा प्रदे ा के 12 जिले है, इन सभी जिलों को सर्वे करवा लियाजाए कि कौन कौन सा जिला तहसील या ब्लाक इंडस्ट्रीयली बैकवर्ड एरिया करार दिया जा सकता है मै मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि क्या सरकार हरियाणा के सभी जिलों का इस बारें में सर्वे करवाने के लिए भारत सरकार को लिखेगी?

श्रीमती शकुन्तला भगवाडियाः अध्यक्ष महोदय, हम हरियाणा प्रदे ा में इंडस्ट्रीज को बढ़ाने के लिए और कई जगहों को इंडस्ट्रीयली बैकवर्ड एरिया घोशित करवाने के लिए हमे ाा प्रयत्न ाील रहते है। इस बात का इससे अन्दाजा लगाया जा सकता है कि पिछले दिनों जब मुख्य मंत्री जी विदे ा गए थे, उस समय वहां पर लोगों से यह कह कर आए थे कि आप हरियाणा के अन्दर इंडस्ट्री लगाये आपकों हम इंडस्ट्री लगाने के लिए प्रोत्साहन देगे। भारत सरकार से हमारा प्रयत्न भी जारी है कि हरियाणा में काई ऐसा जिला न रहे जहां पर इंडस्ट्रीज न लगें। लेकिन किसी

भी जगह को इंडस्ट्रीयली बैकवर्ड एरिया घोशित करने के लिए भारत सरकार ही सक्षम है।

चौधरी साहब सिंह सैनीः अध्यक्ष महोदय, मैने पहले भी पूछा था कि इस बारें में आंकड़े एकत्रित करने में कितना समय लेगो, उसका मंत्री महोदया ने कोई जवाब नही दिया। मै फिर गुजारि ा करनाचाहूंगा कि कुरूक्षेत्र ऐसा स्थान ळै जो जी0 टी0 रोड पर स्थित है इस जी0 टी0 रोड पर अमृतसर से दिल्ली तक इंडस्ट्रीज डिवैल्पड है लेकिन कुरूक्षेत्र में इंडस्ट्रीज नही है, उसका कारण यह है कि वहा प्लाट्स बहुत महंगे है और ईडस्ट्रीयलिस्ट्स को भी कोई इनसैटिव नही है मै आपके द्वारा मंत्री महोदया से जानना चाहता हूं क क्या इस बारें में भारत सरकार को लिखा गया है, अगर लिखा गया है तो कब लिखा गया? इस बारें में आंकड़े तो स्टेट के जिले से ही एकत्रित करने है वे एकत्रित करने में कितना समय लगेगा? मै यह आ वासन चाहता हूं कि कितना जल्दी से जल्दी कुरूक्षेत्र इंडस्ट्रीयली बैकवर्ड एरिया करार दे दिया जाएगा?

श्रीमती शकुन्तला भगवाड़ियाः अध्यक्ष महोदय हमने उद्योग विभाग के अधिकारियों को आंकड़े एकत्रित करने के लिए आदे ा दे रखे है और वे इस बारें में कार्यवाही कर रहे है। मैने पहले भी कहा है कि इस बारें में यह नही बताया जा सकता कि कितना समय लगेगा। यह मुख्य मंत्री जी का आ वासन है इसलिए ज्योंही आंकड़े एकत्रित हो जाएंगे उसके बाद हम प्रयास करेगे

और अपने अधिकारियों को कहेगे कि जितना जल्दी हो सके इस केस को राज्य सरकार के पास भिजवाए जब भी आकड़े राज्य सरकार के पा आ जाएंगे हम भारत सरकार को लिखेगे।

श्री कंवल सिंहः अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदया ने मेरे सवाल का जवाब दिया है कि हम काटेज इंडस्ट्री मानते है लेकिन मैने होटल इंडस्ट्री के बारें में पूछा था कि हरियाणा सरकार होटल इंडस्ट्री को इंडस्ट्री मानती है या नहीं मै आपके द्वारा मंत्री महोदया से जानना चाहूंगा कि भारत सरकार इंडस्ट्रीयली बैकवर्ड एरियाज में होटल इंडस्ट्री लगाने के लिये जो लोन और सबसिडी की सुविधाएं देती है, क्या वे सुविधाए हरियाणा सरकार भी उनको देती है? कया वे सुविधाएं हरियाणा सरकार को भारत सरकार से प्राप्त हो चुकी है?

श्रीमती भाकुन्तला भगवाड़ियाः अध्यक्ष महोदय, इस बारें में मुझ ज्ञान नही है कि हरियाणा सरकार होटल इंइस्ट्री को इंडस्ट्री मानती है या नही।

चौधरी कुन्दन लालः स्पीकर साहब, जींद को भारत सरकार ने औद्योगिक दृश्टि से पिछड़ा हुआ क्षेत्र घोशित किया हुआ है लेकिन मेरा हल्का सफीदों सब डिविजन है, वह औद्योगिक दृश्टि से पिछड़ा हुआ घोशित नही किया हुआ। मै आपके द्वारा मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि सफीदों सबडिविजन को औद्योगिक दृश्टि से पिछड़ा हुआ घोशित न करने के क्या कारण

है औ उसको कब तक औद्योगिक दृश्टि से पिछड़ा हुआ करार दे दिया जाएगा?

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): अध्यक्ष महोदय किसी जगह को औद्योगिक दृश्टि से पिछड़ा हुआ करार देने के लिए भारत सरकार ने नार्म्ज तय किये हुए हैं तीन कैटगीरज है, ए बी, सी। (ए) कैटेगरी में 25 परसैन्ट सबसिडी ओर 15 लाख रूपए अनुदान दिया जाता है और (सी) कैटगरी में 10 परसैन्ट सबसिडी और 10 लाख रूपए अनुदान दिया जात है। यह सुविधा पहले जींद मे ंनही थी लेकिन अब प्रौपर जींद, कलायत, सफीदों और नरवाना ब्लाक तक सारा एरिया कैटेगरी (सी) में औद्योगिक दृश्अि से पिछड़ा हुआ घोशित कर दिया गया हैं

चौधरी अजमत खां: स्पीकर साहब, मेवात की इंडस्ट्रीयली बैकवर्ड एरिया करार दिया हुआ है, यह सरकार की बहुत बड़ी मेहरबानी है। वहां पर नूंह और हथीन में इंडस्ट्रीज लगाने के लिये जमीन भी एक्वायर हो चुकी है लेकिन वह जमीन पांच साल से वैसे ही पड़ी हुई है। वहां पर कोई इंडस्ट्री नही लगी है। मै मंत्री महोदया से जानना चाहूंगा कि क्या वहां पर इंडस्ट्रीज लगाने का काम जल्दी भ्रुरू किया जाएगा?

श्रीमती शकुन्तला भगवाड़िया: अध्यक्ष महोदय पुनहाना फिरोजपुर झिरका, ताउडफ मे ंपहले ही काम भ्रुरू है। मुझ इस बारें में याहद है कि वहां पर आई र ट्रैक्अर वालें ने 25–30

इंडस्ट्रीय भौड्ज अपने बनाए हुए है। माननीय सदस्य वहां पर लोगों को इंडस्ट्री लगाने के लिए हमारे पास लाएं, हम उनकी पूरी तरह से इनसैटिव देंगे और उनको पूरा सहयोग देगे।

Double Link Road

***1107 Sh. Fateh Chad Vij**: Will the Minister for public works (B & R) be pleased to state the names of villages, constituency wise/circle wise which have been provided double link roads so far in the state and the names of the villages which are likely to be connected with double link roads during the year 1986-87?

श्री अध्यक्षः इस सवाल का जवाब देने के लिए मंत्री महोदय ने एक्सटै ान मांगी है जोकि मैने दे दी है। उनसे प्राप्त पत्र इस प्रकार है–

"D.O.No. 29.8.86 लो0 नि0–4 (3)

लोक निर्माण (भवन व सड़के) मंत्री

हरियाणा सरकार

चण्डीगढ़

21 फरवरी, 1986

विशयः तारांकित विधान सभा प्र न नं0 1107

प्रिय सरदार साहिब,

विधान सभा तारांकित प्र न नं0 1107 जोकि दिनांक 26.2.86 की सूची में श्री फतेह चन्द विज, सदस्य हरियाणा विधान सभा के नाम दर्ज, के विशय में यह कहना है कि उपरोक्त प्र न का उत्तर अभी तैयार नही हुआ है, क्योंकि अधीनस्थ कार्यालयों से सूचना एकत्रित की जानी है। इसलिए इसमें और समय लगेगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि इस प्र न का उत्तर देने के लिये दो मास का समय और दिया जाये।

आपका

हस्ता0

(अमर सिंह)

श्री तारा सिंह,

अध्यक्ष

हरियाणा विधान सभा,

चण्डीगढ।

तारांकित प्रश्न संख्या 1102

यह प्र न पूछा नही गया क्योंकि इस समय माननीय सदस्या बहिन भाान्ति देवी, सदन में उपस्थित नही थी।

Branch Primary Schools in Narnaul Sub-Division

***1080 Sh. Nihal Singh:** Will the Minister of state for Education be pleased to state—

(a) Whether there are any branch primary schools in Narnaul Sub-Division (Civil); and

(b) If so, the number there of together with the time by which the aforesaid schools are likely to be made full fledged in-dependent schools?

Minister of State for Education (Sh. JagdishNehra):

(a) Yes

(b) There are eleven Branch primary schools in Narnaul Sub-Division (Civil). Government is actively considering the feasibility of making them full-fledged primary schools.

चौधरी इन्द सिंह नैनः अध्यक्ष महोदय, मै आपके माध्यम से ि ाक्ष मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि जो ब्रांच प्राईमरी स्कूल है उनको खोलने का क्या क्राइटेरिया है? इसके लिए सरकार की क्या नीति है यानि इसमें कितने बच्चे होने चाहिए और ये ब्रांच प्राईमरी स्कूल मेन स्कूल से कितनी दूरी पर होने चाहिए? दूसरा सवाल यह कि ब्रांच प्राईमरी स्कूल को फुल–फलैज्ड प्राईमरी स्कूल बनाने का क्या क्राइटेरिया है?

श्री जगदीश नेहराः जो ब्रांच प्राइमरी स्कूल खोलत है उसमें पहली कक्षा से तीसरी कक्षा तक क्लासें लगती है और फुल प्राईमरी स्कूल सेपहली कक्षा से लेकर पांचवी कक्षा तक क्लासे लगती है। जहां तक ब्रांच प्राईमरी स्कूल को फुल प्राईमरी स्कूल बनाने का क्राइटेरिया है उसमें सबसे पहली बात तो यह है कि कम से कम 30 बच्चे होने चाहिए। दूसरे बच्चों की सुख्या के हिसाब से 2–3 या 4 कमरे होने चाहिए। यदि पंचायत की तरफ से या गांव वालें की तरफ से कमरे ि ाक्षा विभाग को दे दिए जाते है और बच्चे भी 30 हो तो उस ब्रांच प्राईमरी स्कूल को फुल प्राईमरी स्कूल बना देते है।

चौधरी फुल चन्दः क्या मंत्री जी बताने की कृपा करेगे कि इस समय राज्य में कितने ब्रांच प्राईमरी स्कूलज् है और इन ब्रांच प्राईमरी स्कूलों को कब तक फुल प्राईमरी स्कूल बना दिया जायेगा?

श्री जगदीश नेहराः इस समय राज्य में ब्रांच प्राईमरी स्कूलों की संख्या 637 है जैसा कि मैने बताया है, यदि ि ाक्षा विभाग को उचित एकोमोडे ान गांव वालों की तरफ से मिल जाये ओर दूसरी भार्ते वे ब्रांच प्राईमरी स्कूल पूरी करते है तो उनको फुल प्राईमरी स्कूल बना दिया जाता है।

श्री भले रामः अध्यक्ष महोदय, आमतौर पर यह देखने में आया है कि इन ब्राच प्राईमरी स्कूलों में एक ही टीचर होता है

कई बार वह टीचर छुटटी ले लेता है या बीमार हो जाता है तो बच्चों की पढ़ाई नही हो पाती और उन का नुक्सान होता है। मै मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि क्या सरकार इन ब्रांच प्राइमरी स्कूलों में एक टीचर की बजाये दो टीचर लगाने का प्रबन्ध करेगी या लीव अरेन्जमैट करेगी ताकि बच्चों की पढ़ाई का नुक्सान न हो सके।

Change in educational pattern

*** 1093 Seth Ram Dass Dhamija:** Will the Minister of state for education be pleased to state-

(a) Whether there is any proposal under consideration of the Government to change the exiting pattern of education in the state;

(b) Whether there is also any proposal under consideration of the Government to introduce technical and industrial education in the curriculum; and

(c) Whether there is also any proposal under consideration of the Government to send students for study tours to other states during the vacation period?

शिक्षा राज्य मंत्री (श्री जगदीश नेहरा):

(क) जी नही। परन्तु भारत सरकार नई राश्ट्रीय ि ाक्षा नीति को तैयार करने की प्रक्रिया में लगी हुई है।

(ख) राज्य में जमा 2 स्तर पर 41 वोके ानल संस्थाओं में वोके ानल ि ाक्षा दी जा रही है इन संस्थाओं में टैक्नीकल तथा कर्मियल ट्रेडज में प्रि ाक्षण देने की व्यवस्था है। फिलहाल और पाठयक्रम परिवर्तन सम्बन्धी कोई प्रस्ताव नही है।

(ग) जी नही, परन्तु सम्बन्धित महाविद्यालय अपने स्तर पर अवका ा अवधि के दौरान विद्यार्थियों को अन्य राज्यों में अध्ययन दौरों पर भेजने का प्रबन्ध करते है।

सेठ राम दास धमीजाः स्पीकर साहब, इन्होने मेरे सवाल के पहले भाग उत्तर में कहा है 'नो'। इस बारें में मैने पूछा था कि क्या सरकार राज्य में विद्यमान ि ाक्षा पैट्रन को परिवर्तन कर रही है। जो जवाब इन्होने दिया है वह ठीक नही लगता है क्योकि जो पालिसी ि ाक्षा की इस समय चल रही है, वह अंग्रेजों के जमाने से चली आ रही है। हमने अब तक बहुत कुछ बनाया है लेकिन हमारे ने ालन करैक्टर में कमी हुई है। यदि ि ाक्षा पालिसी को बदल दिया जाये ओर आज के जमाने के हिसाब से इसमें परिवर्तन कर दिया जाये तो यह बहुत अच्छा होगा क्योंकि इससे राश्ट्र के चरित्र में बढ़ौतरी हो सकेगी। मेरे पूछने का मकसद सिर्फ यही है कि क्या सरकार मौजूदा ि ाक्षा पालिसी को बदलने का कोई विचार रखती है।

श्री जगदीश नेहराः अध्यक्ष महोदय, 'नो' में इनके पहले भाग का जवाब इस लिए दिया गया है कि हरियाणा सरकार अपनी

नई ि ाक्षा नीति की पोलिसी कोर्ठ नही बना रही। इन दिनो केन्द्र सरकार नई राश्टीय ि ाक्षा नीति तैयार कर रही है। इस सारे में हरियाणा सरकार ने डिस्ट्रिक्ट लैवल पर, ब्लाक लैवल पर और राज्य लैवल पर चिार किया। इसके साथ ही साथ तमाम राजनैतिक पार्टियों के साथ भी विचार विम र्ा किया गया। फिर सरकार ने सारी डिस्क ान के बाद केन्द्रीय सरकार को अपनी राय नई राश्ट्रीय ि ाक्षा नीति के बारें में बना कर भेजी है। जो नई पालिसी केन्द्रीय सरकार बनायेगी हरियाणा सरकार उस राश्ट्रीय ि ाक्षा नीति को सबसे पहले एडौप्त करेगी।

सेठ राम धमीजाः मेरा दूसरा सवाल यह है कि इस समय राज्य में आई0 टी0 आई0 बहुत कम है जबकि इनकी अधिक जरूरत है। क्या सरकार वोके ानल इन्स्टीच्यू ांज की बजाये आई0 टी0 आई0 अधिक खोलेगी ताकि नौजवानों को कोसिज करने के बाद कुछ रोजगार भी मिल सके?

श्री जगदीश नेहराः आई0 टी0 आई0 के बारे में तो मै इस समय कुछ नही बता सकता क्योंकि इनका इस सवाल से सम्बन्ध नही हैं लेकिन जो हमने वोके ालन इन्स्टीच्यू ान्ज खोले हुए है उनमें कोई र ा नही है। ये इन्स्टीच्यू ान्ज राज्य में इस समय 41 है इन 41 इन्स्टीच्यू ान्ज में पिछले साल सिर्फ 5187 बच्चे थे। इनमें और बच्चे भी आ सकते थे। सरकार ने 7वी पंचवर्शीय योजना में और भी वोके ानल इन्स्टीच्यू ान्ज खोलने

का प्रावधान किया है। यदि इन इन्स्टीच्यू ान्ज में अधिक र ा हुआ तो सरकार ये इन्स्टीच्यू ान्ज और अधिक खोल देगी।

सेठ राम दास धमीजाः तीसरी बात मै यह कहना चाहूंगा कि जिस तरह से विधान सभा की कमेटियां एक दूसरे प्रदे ाो में जाती है उसी प्रकार बच्चों को भी दूसरे प्रदे ाों में ले जाने की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि वे देख सके कि वहां पर क्या हो रहा है और दूसरे प्रदे ा के बच्चे यहां आ कर देख सके कि यहां पर क्या हो रहा है मै इस बारें मे ंसरकारसे जानना चाहूंगा कि क्या सरकार ऐसी कोई नीति बनोन पर विचार करेगी कि यहां बच्चे दूसरे प्रदे ाों में जा सके और वहां के बच्चे यहां पर आ सके?

श्री जगदीश नेहराः सरकार की तरफ से टूर का कोई इन्तजाम नही है। सभी सदस्य स्कूलों और कालेजों में पढ़े है। सभी को पता है कि अवका ज्ञ के दिनों में स्कूल/कालेज के बच्चे अपने खर्चे पर दौरे पर जाते रहत है। मै इन्हें बताना चाहूंगा कि सरकार की तरफ से कोई प्रावधान इस बारें मे नही है।

श्री भले रामः मै मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि जो 41 इन्स्टीच्यू ान्ज इन्होने बताए है उनमें कौन कौन सी ट्रैड है? दूसरे आई0 टी0 आई0 में और इन इन्स्टीच्यू ान्ज में क्या फर्क है?

श्री जगदीश नेहराः आई0 टी0 आई0 में तो डिप्लोमा कोर्स होता है। इसमें हम ट्रेड की बेसिक नालेज देते है।

वोके ान इन्स्टीच्यू ान्ज में जो हम ट्रेड दे रहे है वह इस प्राकर है–

Boiler attndant, Office secreataryship, Furniture maker and designer, Lineman, Receptionist, Banking Assitant, Mechanical and technical machinery, Bakery and confectionery, Accountancy and audition, Two & Three wheeler repari, Designer & Master cutter, Heat treatment Agriculture mechanic, Stock Keeper Moter vehicl body builder photography, Tanneries an crop production.

श्री अमीर चन्द मक्कड़: अध्यक्ष महोदय, मै मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि जिन 41 वोके ानल इन्स्टीच्यू ान्ज को इन्होने जिकर किया है और जो ट्रैड यहां बताई गई है क्या इनमें पूरा सामान है? यदि पूरा सामान बच्चों के सीखेन के लिये नही है तो वह कब तक मुहैया कर दिया जायेगा?

श्री जगीदश नेहरा: ये वोके ानल इन्स्टीच्यू ान 1983–84 में खोले थे तब इनके लिये सरकार ने एक करोड़ रूपया दिया था। बाद में फिर 1 करोड़ 10 लाख रूपया और दिया हैं इस साल फिर इस काम के लिए 2 करोड़ 20 लाख रूपये दे रहे है। मै माननीय सदस्य को बतना चाहूंगा कि इन इन्स्टीच्यू ान्ज में बेसिक इन्फास्ट्रकचर का पूरा सामान मौजूद है।

श्री कंवल सिंह: अध्यक्ष महोदय, मै मन्त्री जी से जानना चाहूंगा कि यह जो इन्होने 10+2 का सिस्टम लागू किया है इसकी वजह से प्री–यूनिवर्सिटी क्लास बन्द कर दी गई? साथ ही मै यह

भी जानना चाहता हूं कि जो हमारे 10+2 सिस्टम वाले इंस्टीच्यू ान्ज है उनमें जितने बच्चे ऐडमि ज्ञन चाहेगे क्या उन सबाकेाां वहां पढ़ाने का इन्तजाम है?

श्री जगदीश नेहराः अध्यक्ष महोदय, इन्होने जो सवाल किया है वह दुरूस्त है जो बच्चे इस साल जमा एक में गए वह अगले साल जमा दो में जाएंगे और उनके बाद पार्ट वन में जाएंगे। पहले सिस्टम 10+1+3 का था लेकिन अब सिस्टम 10+2+3 का हो जाएगा। तो जिस हिसाब से बच्चे आगे बढ़ते जाएंगे प्री–यूनिवर्सिटी क्लास खत्म हौती जाएगी।

श्री कंवल सिंहः क्या सभी बच्चे को पढ़ाने के लिये आपके पास सुविधा है।

श्री जगदीश नेहराः सारी सुविधाएं है। अध्यक्ष महोदय, जैसे पिछली बार सवाल आया था और मैन बताया था कि प्राइवेट और गवर्नमैंट 250 कालेजिज है जिनमें यह सुविधा है। इसी तरह से जितने सीनियर सैकेडरी स्कूल्ज है जोकि भाायद 113 करीब है, उन सबमें यह सुविधा है। इसी तरह से 60 हाई स्कूलों में जो इंटीरियरऔर रूरल एरियाज में है उनमें भी यह सिस्टम लागू किया गया हैं इसलिए यह कहा जा सकता है कि इसमामले में हम पूरी तरह सक्षम है और किसी तरह की कोई दिक्कत नही है।

चौधरी कुन्दन लालः माननीय अध्यक्ष जी, मै मंत्री जी से यह जाननचा चाहूंगा कि जितन लड़के दाखिले के लिए आते है

क्या उन सबाकों दाखिला मिल जात है? अगर नही मिलता तो उनके लिए सरकार कोई इन्तजाम करेगी?

श्री अध्यक्षः क्या आपके नोटिस में कोई लड़का है जिसकों दाखिला नही मिला?

चौधरी कुन्दन लालः जी है।

श्री जगीदश नेहराः अध्यक्ष महोदय, जिनको दाखिला मिलना चाहिए उनको हर जगह दाखिले की सुविधा है। जहां ज्यादा र ा है वहां कुछ रिस्ट्रक ान लगाई गई है। ये जगह हे नारनौल, फरीदाबाद, गुडगांवा और रोहतक। यह रिस्ट्रिक ान वहा लगाई है। जहां साईस की क्लासिज है और स्पोटिग हाई स्कूल में 10+2 सिस्टम लागू हैं हर जगह बच्चों को दाखिले की सुविधा है। किसी को दाखिले के लिए इन्कार नही किया जा सकता।

श्री एस0 सी0 चौधरीः अध्यक्ष महोदय, अभी अभी मंत्री जी ने फरमाया कि कुछ स्टे ान्ज पर दाखिले के लिए रिस्ट्रिक ान लगाई गई है। मै मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि जहां ि ाक्षा प्राप्त करने के लिए बच्चों की लाइने लगती हों वहां किसी तरह की रिस्ट्रिक ान लगाने की बजाए क्यों न फरदर एकमोडे ान वगैरा का अरेन्जमैंट करके उन्हे दाखिला दिया जाए?

श्री जगदीश नेहराः अध्यक्ष महोदय, रिस्ट्रिक ान केवल मार्क्स की परसैन्टेज की है साईस क्लासिज में दाखिले के लिए इसे 45 की बजाए 50 परसेन्ट कर दिया है। इससे यह तो हो

सकता है कि कही 50 परसैन्ट वाले 400 बच्चों को ले लिया हो और दूसरे बच्चों को न लिया गया हो। जहां तक फरीदाबाद का संबंध है, वहां दिक्कत यह है कि वहां दिल्ली के बच्चे अधिक आते है। हरियाणा के बच्चों को इन्कार करने की कोई बात नही है। हो सकता है दिल्ली के थर्ड क्लास में पास बच्चो या यू0 पी0 से आने वाले लोअर परसैन्टेज वाले बच्चों को वहा दाखिला न मिला हो।

श्री ए0 सी0 चौधरीः स्पीकर साहब, मै माफी चाहता हूं। पहली बात तो यह है कि यू0 पी0 से फरीदाबाद में किसी बच्चे के आने का स्कोप नही है क्योंकि वह एक साईड मे पड़ता हैं दूसरे जिन बच्चों को वहां ऐडमि ान रिफ्यूज किया गया, कुछ बच्चों को छोड़ करके सभी प्योर हरियाणवी थे। वे वहां एकमोडेट नही हो पाए सिर्फ इस वजह से क्योंकि सरकार ने उनके दाखिले क लिए जरूरी प्रावधान नही किया। यह तो फरीदाबाद की खु ाकिस्मती है कि जिन बच्चों को ऐडमि ान रिफ्यूज किया गया उनमे से आधे से ज्यादा बच्चों को डी0 ए0 वी0 मैनेजमैट ने ऐकमोडेट किया लेकिन फिर भी यह फैक्ट है कि सैकड़ों बच्चें ि ाक्षा से महरूम रहे। जो साल गुजर गया उसमे ंजो हुआ उसकों तो मै उखेड़ना नही चाहता नलेकिन आगे की पे ाबन्दी के लिए मै जानना चाहता हूं कि क्या दाखिले पर रिस्ट्रिक ान लगाने की बाजए सरकार ऐसे कदम उठाएगी कि बच्चे दाखिले में महरूम न हो?

श्री जगदीश नेहराः अध्यक्ष महोदय, फरीदाबाद मे ंऐकमोडे ान अधिक करने के लिए जो गवर्नमैंट कालेज था वहां हमने अलग लड़कियों का विग बनाया। डी0 ए0 वी0 कालेज जो खुला है वहां भी मै गया था। उन्होने भी अपना एक स्तर बनाया है। इसके अलावा, वहां 10+2 की ि ाक्षा देने वाला एक बुवायज सीनियर सैकेडरी स्कूल है और एक गर्लज सीनियर सैकैडरी स्कूल है। साथ ही बल्लभगढ़ है। तिगाम में 10 किलोमीटर की दूरी पर एक और कालेज हैं। ऐसी बात नही है कि किसी को दाखिले के लिए रिफ्यूज किया गया हो लेकिन फिर भी सरकार कोि ा ा करेगी कि हरियाणा के किसी बच्चे को असुविधा न हो।

बहिन शांति देवीः क्या मंत्री जी बताएंगे कि वोके ानल स्कूलेां में जो ट्रेड्ज रखे गए है, उनकों सरकार अपनी तरफ से दे देती है या ये स्कूलों के मांगने पर दिए जाते है?

श्री जगदीश नेहराः अध्यक्ष महोदय, ऐसा है कि भ्ारू में यानी 1983–84 में केवल 24 स्कूल खोले गए थे। एक स्कूल भाहर में होता था और एक गांव में होता था उनकों सरकार ने इस ढंग से ऐडजस्ट किया था जिससे सुविधा हो। इसमें मांगने की कोई बात नही। बहिन जी जहां के बारें में कहेगी कि वहा ऐसा स्कूल खोलना जरूरी है और बच्चे भी वहां दाखिला हो सकते है तो उसको कंसिडर किया जा सकता है।

बहिन शांति देवीः अध्यक्ष महोदय, वोके ानज स्कूलों 10+2 के स्कूलेां और आई0 टी0 आइज0 वगैरा में जो बच्चां को दाखिले के लिए नि चत डेट दी जाती है उसमें बहुत सी ऐप्लीके ान्ज आ जाती है लेकिन लिया बहुम कम बच्चों को जाता है जितने नि चत होते है, 15 या 20 बच्चे, वे ले लिये जाते है ओर बाकी के बच्चे बच जाते है। उसके बाद कुछ बच्चे आते नही। उन जगहों को दुबारा ऐडव्टाईजमैट करके भरा जाता है। जिन बच्चों ने पहले फार्म भरे थे वे रह जाते है और नए बच्चे दाखिल हो जाते है। होना चाहिए कि जिस परसैटेज तक के च्चे पहले दाखिल हुए थे उससे नीची परसैटेज वाले उन बच्चों को दाखिला मिलना चहिए जिन्होने पले ऐप्लाई किया था। उनको वेटिग लिस्ट में रख लेना चाहिएं। लेकिन दो दो, तीन तीन बार ऐडवर्टाइजमैंट करके दूसरे बच्चों को दाखिला दिया जात है और वे रह जाते है। करनाल में तो ऐसा देखने में आया है। क्या सरकार इस बात का कोई उपाय करेगी?

श्री जगदीश नेहराः अध्यक्ष महोदय, बहिन जी ने दो तीन बातें कही है इन्होने 10+2 प्रणाली वाले स्कूल की बात है, जैसा मैने पहले बताय, उसमें साईस क्लासिज के अलावा कोई दिक्कत वाली बात नही है। वोके ानल और इंडस्ट्रियल ट्रेनिग इंस्टिच्यू ान्ज के लिए भी इसी तरह का प्रावधान है कि जो अधिक नम्बर वाले लड़के है उनका नम्बर पहले आएगा और दूसरे लड़कों के नम्बर बाद में आएगा। जितनी सीटे होती है उनको

इसी हिसाब से भरा जाता है। मान लो हमने 80 बच्चे लेने है तो हम नम्बरों के हिसार से ऊपर वाले 80 बच्चों को ले लेगे। इनके लिए बार–बार इन्टरव्यू होगा ऐसी बात नही है।

चौधरी हुक्म सिंहः अध्यक्ष महोदय, मै आपकी मार्फत मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि नौर्मज के अनुसार एक फुलफ्लैज्ड आई0 टी0 आई0 खोलने में कितने पैसे लगते है और उसमें कुल कितने बच्चों को दाखिला मिलता है?

श्री जगदीश नेहराः अध्यक्ष महोदय, मै माफी चाहूंगा क्योंकि आई0 टी0 आईज0 वाला विभाग मेरे पास नही है।

सेठ राम दास धमीजाः अध्यक्ष महोदय, यह बात ठीक है पौलिटैक्निक्स में लगभग 75 परसैट से ऊपर के नम्बरों वाले और आई0 टी0 आइज0 में 65 परसैट से ऊपर के नम्बरों वाले बच्चों को दाखिला मिलता है। इसमें कोई बेइन्साफी नही है क्योंकि मैरिट पर बच्चे लिए जाते है लेकिन इससे बहुत सारे बच्चे दाखिले से वंचित रह जाते है। क्या सरकार बच्चों की संख्या को देखते हुए इन इस्टिच्यू ान्ज में और सीटें बढ़ाने की कोि ा ा करेगी?

श्री जगदीश नेहराः अध्यक्ष महोदय, इसे लिए भी मै माफी चाहूंगा क्योंकि जैसे मैन पहले अर्ज किया यह महकमा मेरे पास नही है।

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): अध्यक्ष महोदय, जहां दाखिले का ताल्लुक है वह मैरिट के हिसाब से होता है। अगर

सीटे किसी कालेज में पांच सौ है और दाखिल होने वाले सात सौ है तो मैरिट के हिसाब से पांच सौ ही आयेगे, उनहे ही दाखिल किया जायेगा लेकिन जरूरत को सामने रखते हुए तथा इस बात को ध्यान में रख कर अगर ऐस कोई साधन हुआ ओर इन्तजाम कर सके तो हम सीटे बढ़ाने की जरूर कोि ा ा करेगे।

Construction of bye-pass on G.T. road in district Faridbad

***1131 Sh. A.C. Chaudhry:** Will the Minister for Public Works (B & R) be pleased to state

(a) Whether there is any proposal under consideration of the Government to construct a by-pass in district Faridabad;

(b) Whether there is also any proposal under consideration of the Government to construct lanes/roads by the side of G.T. Road in district Faridabad; and

(c) If the reply to parts (a) & (b) above, be in the affirmative, the time by which these proposals are likely to materialise?

Publick Worksk Minister (Sh. Amar Singh):

(a) No.

(b) No.

(c) Question does not arise.

श्री ए0 सी0 चौधरी: स्पीकर साहब, मै आपसे माफी चाहता हूं परन्तु मै मंत्री जी का ध्यान, पिछले सै ान में जो बात

हुई है, उसकी ओर आकर्शित करना चाहूंगा। स्पीकर साहब, पिछले सै ान में जब मुख्य मंत्री साहब स्टेट में हुए एक्सीडेट्स केसिज में गई जानों का ब्यौरा दे रहे थे, उस वक्त मैने एक स्पैसिफिक क्वै चन पूछा था कि फरीदा बाद जी0 टी0 रोड के दोनों तरफ बसा हुआ है और ने ालन हाई वे होने के कारण वहां एक्सीडैन्टस होते है जिससे लोगों की कीमती जाने जाती है उस टाईम मुख्य मंत्री जी ने कैटेगरिकली ए यारेन्स दी थी कि वहां के बारे में साइड लेन के विशय में चिार कर रहे है ओर उस टाईम पर साथ ही इसबाई पास का भी इ ू आया था। उस समय यही कहा गया था कि बाईपास भी विचारधीन है। अब मंत्री महोदय ने सी0 एम0 साहब की बात को सुपरसीड करके दोनो बातें के बारें में 'नो' कह दिया है। मै इनसे 'नो' कहने का कारण जानना चाहता हूं?

श्री अध्यक्षः इन्होने विचार करके ही 'नो' कहा है।

श्री अमर सिंहः स्पीकर साहब, आनरेबल मैम्बर ने जो फरमाया है वह हकीकत है लेकिन मै उन्हें बताना चाहूंगा कि हमने बाकायदा एस्टीमेट बना कर भारत सरकार को भेजा था कि फरीदाबाद, दिल्ली–आगरा रोड पर है और उसके बीच ने ानल हाई वे गुजरती है इसलिए इसके साथ सर्विज रोड बनाया जाये। स्पीकर साहब, जब भी ने ानल हाई वे की एक्सपैन् ान होती है तो उसकी बाकायदा भारत सरकार मंजूरी लेनी होती है। भारत सरकार ने इस बात की मंजूरी नही दी कि इसके साथ सर्विस रोड

बनाया जाये या बाई पास बनाया जाये क्योंकि यह पहले ही फोर लेन है। उसके अलावा जैसे कि मुख्य मंत्री जी ने अ योरेन्स दी थी उस बारें में हमने हुड्डा को से बात की थी क्योंकि यह सड़क सैक्टर 5, 6, 11, 15ए0 और 16ए0 से गुजरती हैं हमने हुड्डा को सन् 1984 में लिखकर भेजा था और बार बारे उनसे मीटिग भी करते रहे है लेकिन उन्होने इस बारें में कोई अ योरेन्स नही दी और न ही हमारे पास पैसा जमा कराया। इस वजह से यह बात पैडिग पड़ी हुई है। जो बाई या एडिम ानल रोड बनाने का सवाल है उसके बारें में भारत सरकार मंजूरी नही दी।

श्री ए0 सी0 चौधरीः स्पीकर साहब, मिनिस्टर साहब ने बड़े वाजह लफ्जों में बताया कि दस लाख 59 हजार रूपये का एस्टीमेंट बना कर हुड्डा को भेजा लेकिन अभी तक उन्होने पैसे जमा नही करवाए हैं उन्होने उेस पैडिग रहने की बात कही। जब आपने यह बात कही थी कि एस्टीमेट बना कर भेजा है तो मुझ बड़ी खु ाी थी लेकिन सब कुछ करने के बाद आखिर में सारी बातों पर इन्होने पानी फेर दिया कि इस बारें में कुछ नही हो सकता।

श्री अध्यक्षः इनके ऊपर भी तो कोई अथौरिटी है, इसलिए नही बता सकते।

श्री एस0 सी0 चौधरीः जनाब, मै वही बात तो अर्ज कर रहा हूं कि जो ऊपर है उस ऊपर वाले की तरफ भी निगाह रखनी

पड़ेगी। लेकिन फरीदाबाद के इन्डस्ट्री वर्कर्ज ऊपर वाले की बजाए नीचे वाले की तरफ भी निगाह रखे हुए है कि उनके जाने बख्भाी जाये। स्पीकर साहब, मै एक सपैसिफिक क्वै चन कर रहा हूं कि हुड्डा ने जब भी कोई कालोनी बसायी है है चाहे उसने इन्डस्ट्री के प्लाट काटे है या रिहाय ाी प्लाट काटे है, बाकायदा सड़कों के लिए पैसे लिए है और लेते है उनके पास तो रिजर्व में पैसा पड़ा हुआ है उसमे ंबाई पास और सर्विज लेन दोनों भाामिल है। इसमें पार्टली अजरौन्छा मोड़ से पुराने बस अड्डे तक सर्विस लेन दोनो भाामिल है। इसमें पार्टली अजरौन्दा मोड़ से पुराने बस–अड्डे तक सर्विस लेन बनायी जा चुकी है। पुराने बस–अड्डे से दिल्ली बार्डर एरिया तक बाकी है। लम्बी चौड़ी जगह छोड़ी हुई है। जगह छोड़ी हुई है और पैसा भी लिया हुआ है। उसमें सिर्फ एक राजा जी की कोठी अड़चन है जेा उस रोड को नही बनने दे रही हालात को मै समझता हूं क्योंकि हुड्डा पी0 डब्ल्य0 मिनिस्टर के अन्डर नही हैं इसलिए मै रिक्वैस्ट करूंगा कि मुख्य मंत्री महोदय इस बात रोश्नी डाले और हमारी दरख्वास्त को मानते हुए वहां साइड लेन जरूर अनाउन्स करें क्यों लाखें वरगर्ज उसी रास्ते पर चलते है। ओर रोजना दुर्घटनाए हाती रहती हैं ऐसा होने से हस्पताल पर भी लोड़ पड़ता है, दवाईयों का भी खर्च होता है और बड़े भारी मैन डेज भी जाया होता है और ह्यूमन लाईफ को भी खतरा रहता हैं।

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): अध्यक्ष महोदय, जहां तक हुड्डा का सवाल है उसके बारें श्री एस0 पी0 चौधरी जी ने ठीक बात कही है जब भी हुड्डा कोई कालोनी बनाता है तो उसका पैसा चर्जा करता है। चाहे इन्स्ट्रीयल प्लाटस काटे, चाहे दूसरे प्लाट्स काटे। हुड्डा सड़क, सीररेज और दूसरे सारे इन्तजाम करके देता है यानी उस एरिये को पूरा डिवैल्प करके देता है। जहां तक इस बात का संबंध है। कि उस रोड़ के बनने में किसी राजा साहब की कोठी की वजह से अड़चन है, यह बात इन्होने आज ही हाउस में की है। हम इस बात को भी दिखवा लेगे कि किस आदमी के मकान की वजह से रोड़ नही बन रही। मकान बहुत पुराना बना हुआ है, बडा है या किसी प्रकार का है। उसके बदले में कोई जगह दे सकते है या एक्वायर कर सकते है। इन सब बातेां को विश्लेशण करके हम कोशिश करेगे कि जो लोगों की जायज तफलीफ है उसे हम जल्द से जल्द दूर करें।

श्री कंवल सिंहः स्पीकर साहब, फरीदाबाद में कंजक्शन को ध्यान में रखते हुए क्या मिनिस्टर महोदय वहां पर फोर लेन की बताए 6 लेन का रास्ता बनाने के बारें में विचार करेगे?

श्री अमर सिंहः स्पीकर साहब, अब यह फोर लेन दिल्ली से पलवल तक जाता है अब आगे यू0 पी0 बोर्डर तक बन रहा हैं होडल तक फोर लेन बनेगी, ऐसा भारत सरकार ने चाहा है, अैर उसे लिए एस्टीमैट बना कर भेजा हैं जहां तक 6 लेन का सवाल

है उसके बारें में भारत सरकार को हम लिख कर भेजगे, अगर भारत सरकार इजाजत देगी तो हम बना देगे।

श्री अमर सिंह मक्कड़: स्पीकर साहब, मै आपकी मार्फत जानना चाहूंगा कि जैसा इन्होने फरीदाबाद का जिक्रकिया कि वहां फोर लेन है बाई पास की जरूरत नही है। जिन भाहरां में जी0टी0 रोड पर फोर लेन भी नही है और एक्सटेन्शन भी होती है, क्या वहां पर बाई पास बनाने की कोई तजवीज है जैसे हांसी भाहर है?

श्री अमर सिंह: हांसी भाहर के बारें में आनरेबल मैम्बर ने पहले भी सवाल पूछा था कि वहां पर कोई बाई पास बनाने की तजवीज है? वहां पर बाई पास बनाने की कोई तजवीज नही लेकिन फोर लेन बनाने की तजवीज है, कालीदेवी मन्दिर से लेकर हांस तक जो रोड़ गुजरती है उेस फोर लेन बनाने की तजवीज है। सारी फार्मेलिटीज पूरी कराने के बाद हम इस सड़क को पूरा करेंगे।

तारांकित प्रश्न सं0 1062

यह प्रश्न पूछा नही गया क्योंकि इस समय माननीय सदस्य श्री राम राम बिलास भार्मा, हाउस में उपस्थित नही थे।

Residential Colonies in Industrial Cities

***1110 Sh. Fateh Chand Vij:** Will the Minister of State for Labou and Employment be pleased to state—

(a) The names of industrial cities in the state where residential colones have been constructed for the employees working in the industries in those cities; and

(b) Whether there is any proposal under consideration of the Government to transfer the houses to the employees where they are residing; if so, the time by which the said proposal is likely to materialiese?

स्थानीय राज्य मंत्री (श्री ओम प्रकाश महाजन):

(क) अम्बाला भाहर, जगाधरी, यमुनानगर, पानीपत, रोहतक, हिसार, सोनीपत तथा भिवानी।

(ख) हां, यह मामलता सक्रियता के साथ राज्य सरकार के विचारधीन हैं यद्यपि, कोई समय की सीमा निर्धारित नही की जा सकती।

श्री एस0 सी0 चौधरी: स्पीकर साहब, इन्डस्ट्रीयज वरकर्ज के मकानों के सिलसिले में यह बड़ा ही बेहतरीन सवाल है। स्पीकर साहब, फरीदाबाद में सब से बड़ा इन्डस्ट्रीयल कम्पलैक्स है। वहां पर लाखों वरकर्ज बड़ी कीमती जगहों पर झुग्गिया डाल कर न सिर्फ कब्जा किये हुए है बल्कि सारे इलाके को एक भौबी रूप दे रह हैं इसलिए मै मिनिस्टर महोदय से जानना चाहता हूं कि क्या फरीदाबाद मे भी वरकर्ज के लिए कोई कालोनी बनाने के बारें में सरकार सोचेगी और अगर सोचेगी तो कब तक इसे करेगी?

श्री ओम प्रकाश महाजनः अध्यक्ष महोदय, यह जो मैन आठ भाहरों के नाम लिए है। यह उन औद्योगिक नगरों के नाम है जिन में से कालोनिया बसायी गई है। ये कालोनीज गरीब मजदूरों को रहात पहुंचाने के लिए सस्ते किराए पर सन् 1957 से 1959 तक बनायी गई थी जब हरियाणा पंजाब ज्वायंट था। ये कुल 986 मकान बनाये हुए हैं इनकी ज्यादा से ज्यादा तादाद किसी नगर में दो सौ की है ंरोहतक और हिसार में दो–दो सौ है और दूसरी जगहों पर कही 126, कही 60 और कही 146 है। अब भारत सरकार ने निर्णय लिया है कि इन मकानों में जो लोग आबाद है उनहे ही दे दिये जाये। इन मकानों को कई मजदूर लोग छोड़ भी गये लेकिन उनकी जगह पर उने रिश्तेदार बैठ गये है लेबर डिपार्टमैंट इन से किराया वसूल करता है जो दस और चौदह रूपये के बीच में है। असली आदमी जिनके नाम मकान अलाट हुए थे वे छोड़ कर चले गए। इसलिए भारत सरकार ने निर्णय लिया कि उन्हें ही ये मकान दे दिये जाये जो वहां पर बैइे हुए हैं मकानों की हम मौजूदा कीमत लगवा रहे हैं कीमत आने के बाद और पैसे की वसूली के बाद हम फरीदाबाद में कोई कालोनी बना सकेंगे।

श्री ए0 सी0 चौधरीः स्पीकर साहब, मेरा सवाल तो यह था कि फरीदाबाद में भी ऐसी कालोनी बनाने के लिय कंसीडर करेगे या नही। एनी हाउ, मै एक और सवाल मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं। जब फरीदाबाद बना था तो वहां पर हर बडी

इंडस्ट्री ने उनकों इतने मंहगे भाव पर बेचा है कि उससे उनकी कैपिटल ही रिकवर हो गयी है। आज भी कुछ बड़ी फैक्ट्रीज के पास प्लाट्स पड़े हुए है। एक तो मै यह जानना चाहता हूं कि ऐसे लोगों के खिलाफ क्या एक्शन लिया जा रहा है? दूसरे जिनके पास अभी तक भी मजदूरों की कालोनीज बनाने के लिए प्लाट्स मौजूद है, क्या सरकार उनको यह कहेगी कि यह मजदूरों के लिए मकान बनाकर उनको रहने की सुविधा दे?

श्री ओम प्रकाश महाजनः अध्यक्ष महोदय, जैसे मैने निवेदन किया है कि हमने 7–8 कालोनिया ही बनाई है लेकिन हाऊसिंग बोर्ड ने कोई मकान या कालोनी नही बनाई है ंकिसी दूसरे डिपार्टमैंट ने बनाई हों तो मुझे पता नही है।

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): अध्यक्ष महोदय, श्री ए0 सी0 चौधरी ने बिल्कुल ठीक बात कही है कि वहां पर लेबर की प्रोब्लम यह है कि उनके रहने के लिए मकान नही है। यह दिक्कत वहां पर मकान न होने की वजह से है। जहां तक हरियाणा स्टेट का ताल्लुक है, हमने फरीदाबाद कम्पलैक्स की तरफ से 2,000 के लगभग घर बना कर लोगों को दिये है और हम आगे भी कोि ा ा कर रहे है। कि फरीदाबाद में यह सहूलियत और लोगों को दें। आपको पता ही है कि फरीदाबाद एक बहुत बड़ा औद्योगिक नगर है। अकेले फरीदाबाद में लेबर तकरीबन सवा लाख के करीब है। उनके रहने के लिए हमने फरीदाबाद कम्पलैक्स से भी कहा है कि वह गरीब लोगों को मकान बनाकर दे। जहां तक

औद्योगिक इकाइयां लगाने वाले उद्योगपतियों का ताल्लुक है, हम उनकों भी यह कहते है कि वे अपनी लेबर के लिये मकान बनाकर दे। जैसे चौधीर साहब ने कहा है कि कुछ उद्योगपतियों ने जमीन बहुत मंहगे भाव परबेच दी है, यह उनकी बात ठीक है। पहले वे लोग जमीन बहुंत ही सस्ते भाव पर लेते थे, थोडी सी जगह में इंडस्ट्री लगा ली और बाकी की जमीन बेच दी। आज की सकरान ने यह फैसला किया हुआ है कि जब भी कोई इंइस्ट्रिलिस्ट इंडस्ट्री लगाने के लए एप्लाई करता है तो उसके लिये एक टैक्नीकल कमेटी बनी हुई है, वह कमेटी यह देखती है कि कितनी जमीन उस इंडस्ट्री के लिये चाहिए। जितनी जमीन वह कमेटी रिकोमैड करती है, उतनी जमीन हम उनको देत है। इसके साथ ही हम उनसे यह भी कहते है कि लेबर के लिये कालोनी बनाने` लिये भी जमीन चाहिये, तो हम देने के लिये तैयार है। बड़े उद्योगपति तो बना सकते है लेकिन छोटे उद्योगपति यह नही बना सकते। लेकिन हमारी सरकार की यह कोि ा ा रहती है कि गरीब आदमियों को रहने के लिये मकान मिलने चाहिये। फरीदाबाद में भी गवर्नमैंट यह कोि ा ा करेगी कि गरीब आदमियों को रहने के लिये मकान मिलै।

चौधरी सुरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, मुख्य मंत्री जी ने यह फरमाया है कि सरकार कोि ा ा कर रही है कि कई कारखानेदार, जो लाइसैंस लिये हुए है, वे अपनी लेबर के लिये मकान बनाये। स्पीकर साहब, इन्टरने ालन लेबर आर्गेनाईजे ान

या जितनी भी दूसरी लेबर आर्गेनाईजे ान है, उनकी तरफ से भारत सरकार को और भारत सरकार से प्रान्तीय सरकों को यह हिदायते है कि वे अपनी लबर के लिये मकान की सुविधा दे। स्पीकर साहब, आज तक कोई कारखानेदार कारखाना लगाता है तो स्टेट गवर्नमैट उनको ंलाइसैस देती है या केन्द्रीय सरकार से यह लाइसैस लेता है। अगर कोई हरियाणा प्रांत के अन्दर इंडस्ट्री लगाता है ता हरियाणा प्रांत का यह फर्ज है कि वह नौर्म्ज के मुताबिक काम करवाए। यह मिल की बिल्डिग के साथ–साथ कालोनी भी बनाये। मेरा ख्याल यह है कि कालोनी बनाने के लिये 50 परसेन्ट तो केन्द्रीय सरकार पैसा देती हे, 25 परसैंट पेसा प्रान्तीय सरकारदेती है ओर 25 परसैंट मिल–मालिक को खुद लगाना पड़ता है। हमारी सरकारके पास मजदूरों की तरफ से ऐसी ि ाकायते भी आती है लेकिन सब कोि ा ाों, ि ाकायतों और सरकार के हुक्म के बावजूद कितने ही मिल–मालिक ऐसे है जो मजदूरों के रहने के लिये कालोनीज नही बनाते है ंअगर किसी ने बनायी भी है तो भी इस बारें में वहां से ि ाकायते आती रहती है कि ने तो वहां पर कम्युनिटी लैट्रीन्ज है, न बाथरूप है, न खेलकूद के लिय मैदान है और न ही दूसरे जरूरी साधन है। इस सबा बातों को ध्यान में रखत`हुए क्या गवर्नमैट कोई कमेटी बनाने पर विचार करेगी जो इन बातों को मद्दे नजर रखते हुए इन सब चीजों को पूरा करवाने की कोि ा ा करे।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, जहां तक लाइसैस देने का सवाल है भारत सरकार उ़द्योग लगाने के लिये लाइसैस देती है। स्टेट के हाथ में कोई छोटा–मोटा उद्योग लगाने के लिये लाइसैस देने की पावर्ज हों, तो मै कह नही सकता। जितनी भी बड़ी इंडस्ट्रीज लगाने की बात है, उनके लिए भारत सरकार लाइसैस देती है। भारत सरकार ने नार्म्ज के मुताबिक हमारी स्टेट में जो भी फैक्ट्रीज लगी है, वह ठीक ही लगी है। उनमे ंकोई वायले ान नही है। जहां तक चौधरी सुरेन्द्र सिंह जी का यह कहना है कि 50 परसैंट ग्रान्ट भारत सरकार देती है, ठीक नही। पहले देते थे लेकिन आब यह स्कीम नही हैं यह स्कीम जो ज्वायंट पंजाब के समय 1952 से लेकर 1959 तक रही है। पहले सारा पैसा भारत सरकार देती थी बाद में आधा पैसा सबसिडी के तौर पर खुद देती थी और आधा पैसा स्टेट से वसूल करती थी। जैसे कि महाजन साहब ने बताया है कि 986 मकान हमने बनाये है, हमने यह मकान आधी सबसिडी भारत सरकार से लेकर ही बनोय हुए है। हम इस बात का ध्यान जरूर रखते है कि जो नौर्म्ज भारत सरकार ने तय किये हुए है, इंडस्ट्रियलिस्ट्स उसी के मुताबिक इंडस्ट्रीज लगाये, उनमे ंकोई कोताही नही कर सकते। यह बात भी ठीक है कि लेबर के लिये मकान बनने चायिे। जैसे मैने पहले कहा है कि हम पूरी कोि ा ा कर रहे है कि लेबर के लिये पूरी सुविधाये मिले, उनके बच्चों के लिये ि ाक्षा का प्रबन्ध हो, उनके खेलने के लिय मैदान का प्रबन हो और उनके लिये अस्पताल भी हो।

श्री महेन्द्र प्रताप सिंह: स्पीकर साहब, मुख्य मंत्री जी ने बजा फरमाया है कि जो झुग्गी झोंपड़ियों में या दूसरी ऐसी जगहों पर बसे हुए है जिससे वहां की खूबसूरती खराब होती हो, सरकार उनको दूसरी जगहों पर बसाने के लिये कोि ा ा कर रही है। फरीदाबाद कम्पलैक्स के जरिये या हुड्डा के जरिये काफी मकान बनाकर दिये भी गये है। और सरकार आगे भी कोि ा ा कर रही है कि और मकान दे। लेकिन सीमित साधनों को ध्यान मे ंरात ेहुए मै मुख्य मंत्री जी से एक गुजरि ा करूंगा कि झुग्गी झोपडियों में हरेन वाले लोगों का एक बहुत बड़ा वर्ग इस बात का इच्छुक है अज़ैर वह इस बात के लिये तैयार है कि उनकों प्लाटस दे दिये जाये ताकि वह अपने रहने के लिये छोटे छोटे मकान बना सकें। अगर सरकार उनको मकान बनाकर देती है तेा दूसरी स्कीमों में धन की रूकावट आयेगी। काम्पलैक्स में पहाड़ी एरिया के पास जगह भी अवेलेबल है, तो क्या सरकार कोई सर्वे वगैरा करवा कर, उनकों प्लाटस देगी ताकि वे लोगा कोआप्रेटिव बेसिज पर या किसी दूसरी तरह से वहां पर मकान बनाकर रह सकें।

चौधरी भजन लाल: अध्यक्ष महोदय, श्री महेन्द्र प्रताप सिंह जी का बहुत अच्छी सुझाव है लेकिन मुि कल यह है कि जब हम किसी झुग्गी–झोंपड़ी वाले को यह कहते है कि हम तुम्हें किसी दूसरी जगह प्लाट्स दे देते है, तो वह वहां से उठने के लिये तैयार नही होते और कहते है कि साहब यह जगह तो हमारे काम से बहुत दूर है। मै महेन्द्र प्रताप जी के ही जिम्मे लगाता हूं

कि वे सोसाइटी बनाये या कुछ और करें, ये खुद देख ले, सारे झुग्गी–झोंपडी वालों को किसी दूसरी जगह पर जाने के लिये राजी कर ले। सरकार के पास से उनकों जगह मिल सकती है। अगर किसी ग्राम पंचायत के पास कोई जगह है तो सरकार उससे लेकर भी वह जगह उनकों देने की कोि ा ा कर सकती हैं लेकिन वे लोग तो यह कहत ह कि हम दूर नही जायेगें क्योंकि हमें काम परन जाने में मुि कल पड़ती है। भाहर से 5 मील दूर भी नही रहेगे। अगर वे इन सारी बातों को मानने के लिय तैयार हो जाये ता हम इनके सुझाव को अमली जामा पहना देगे।

Taking ouver if liquor trade

***1081 Sh. Nihal Singh:** Will the Minister for Excise and Taxation be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to take over the liquor trade in the state on the pattern of Delhi and Chandigarh?

Excise and Taxation Minister (Ch. Kartar Sing Chhokar): No sir,

श्री कंवल सिंहः क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेगे कि उन्होने दिल्ली और चण्डीगढ़ के पैट्रन को स्टडी करवाया है और मंत्री महोदय ने जो 'नो' कहा है यह 'नो' कहने का क्या कारण है?

चौधरी कटार सिंह छोकरः स्पीकर साहब, दिल्ली और चण्डीगढ़ के पैटर्न का अध्ययन तो नही करचाया लकिन वाकफियत

जरूर हासिल की हैं चण्डीगढ़ में इनके पास केवल तीन वैड्ज है वे भी इन्होने औक ान में ली है लेकिन दिल्ली में सारी वैड्ज सरकार के पास है। स्पीकर साहब, दिल्ली भाहर की कम्पैक्ट आबादी है, हमारी स्टेट की तरह नही हैं हमारे यहां गांव है और उस पैटर्न पर करना हमारे लिए फिजिबल नही है और हम सरकारी कर्मचारियों को भाराब के धंधे में नही लगाना चाहते।

श्री भले रामः स्पीकर साहब, जो भाराब के ठेकेदार है जोकि बोली पर ठेका लेते है मेरे ख्याल में वे लाखों और करोडों रूपया कमाते है। क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेगे कि सरकार को इस काम को अपने हाथ में लेने में क्या हर्ज है? हजारों सैलजमैन लगेंगे, लोगों को रोजगार मिलेगा, हमारे पढत्र–लिखे नौजवान जो बेकार फिर रहेहै उनकों काम मिलेगा। वे पढ़–लिखे नौजवान वहां बैठकर कोई भाराब तो पियेगे नही।

चौधरी कटार सिंह छोकरः अध्यक्ष महोदय, जैसा कि मैने बताया है कि हमारा जो प्रेजेन्ट सिस्टम है उसमें जो वैन्डर्ज है वे प्राईवेट लोग है ओर वे पैसा भी ज्यादा देते है। वे क्राईम को रोकने में ऐफर्ट्स और मदद करते है। इतनी दूरी दराज के इलाकों में हमारे लिए सुपरविजन करना फिजिबल नही है। फिलहाल आज के हालात में हमारें लिए वह पैटर्न ठीक नही है।

Generation of electricity

***1094 Seth Ram Dass Dhamija:** Will the Minister for Irrigation and power be pleased to state, the steps being

taken to generate more electriciety to meet the increased demand resulting from increasing populaton and industries in the state?

Irrigation and power Minister (Ch. Shamsher Singh Surewala): Strenuous efforts are being made to improve the generation and supply of power of different sectors of consument in the state.

These include:

(a) Improvement in the functioning of the Faridabad and Panipat Thermal Power Station.

(b) Renovation and modernization of Faridabad and Panipat Thermal Power Station;

(c) Getting better coal supply;

(d) Carrying out periodic preventive maintenance; and

(e) Early commissioning of the projects in hand.

In aaddition to the above, efforts are also being made to obtain for Haryana its righful share of power from the power generation stations located ourside the state.

सेठ राज दास धमीजा: स्पीकर साहब, मंत्री जी का बड़ा तसल्लीबख्भा जवाब है। लेकिन अम्बाला का नाम नही है जहां सात हजार इंडस्ट्रीज है और बिजली की कमी के कारण वे इंडस्ट्रीज खत्म होने जा रही है। क्या मंत्री महोदय कोई खास तवज्जोह

देकर अम्बाला तहसील में बिजली का नया यूनिट लगाने की कृपा करेगे?

चौधरी शमशेर सिंह सुरजेवाला: स्पीकर साहब, अम्बाला में जिन इंडस्ट्रीज का जिक्र धमीजा साहब कर रहे है वहां पर लोगों ने नैजीडैंि ायल हाऊसिग में छोटी छोटी मोटरे लगाकर छोटी–छोटी इंडस्ट्रीज लगा रखी है यह बहुत अच्छी बात है। लेकिन इसका दूसरा पहलू यह है कि जब इन लोगों ने मोटरें लगाकर इंडस्ट्रीज भाुरू की तो बिजली बौर्ड को ऐक्सटैं ान आफ लोड के लिए ऐप्लाई नही किया। जो मकान में आलरेड़ी फिटिग है उसकेां ही अपने आए ऐक्सटैंड करकके हायर पावर की मोटरें लगा ली। इस तरह से हजारों घरों मैं इंटस्ट्रीज चल रही है लेकिनइसकी इंफरमे ान बिजली बोर्ड के पास नही है हालांकि बिजली बोर्ड ने इनकों कहां कि जो अपना लोड ऐक्स्टैंड करवाना चाहर्त हैं वे इतनी पीरियड तक अगर ऐप्लाई कर देगे तो उन पर कोई जुर्माना नही होगा। बिजली बोर्डर के पास इस तरह की इंफरमे ान न होने के कारण यह दिक्कत है कि जो ट्रांसफर लगे हुएहै वे ट्रांसफर ऐक्सटैड नही हो सकते। मै चाहूंगा कि धमीजा साहब इप मामले में बोर्ड की मदद रकें। जहां तब बिजली की सप्लाई बढ़ाने का संबंध है इस संबंध में मैने पहले भी हाउस को बताया है मि मुख्य मंत्री महोदय ने यूनियन ऐनर्जी मिनिस्टर श्री साठे को यहा बुलाया और उन्हे पूरह रियाणा की स्थिति बताई। इस मामले में उनहोने हरियाणा की बहुत मदद की और उसके

बाद हरियाणा को पन्द्रह–बीस यूनिट रोज बिजली मिल रही है। पिछले दिनों से जो बिजली मिल रही है उसी फिग्गर्ज मै हाउस को बताना चाहता हूं। 25 फरवीर को 1 करोड़, 36 लाख यूनिट, 24 फरवरी को 1 करोड़, 31 लाख यूनिअ, 23 फरवरी को 1 करोड़ 30 लाख यूनिट, 22 फरवरी को 1 करोड़ 20 लाख यूनिट, 21 फरवरी को 1 करोड़ 24 लाख यूनिट और पहली फरवरी को 1 करोड़ 26 लाख यूनिट बिजली उपलब्ध थी। स्पीकर साहब, बीच में दो तीन बिदल बिजली कम उपलब्ध थी। स्पीकर साहब, बिजली की उपलब्धि अब इतनी बढ़ गई है कि 17 फरवरी से हरियाणा के अन्दर बिजली पर कोई कट नही है ंपूरी स्टेट में उौमेस्टिक बिजली पर रूरल और अर्बन एरियाज में कोई कट नही है। 24 घंटे बिजली दे रहे है ंइंडस्ट्रीज का`दस घण्टे बिजली दे रहे और ऐग्रीकलचर को भील बिजली खूर मिल रही हैं स्पीकर साहब, अम्बाला को भी पहले से ज्यादा बिजली मिल रही है। स्पीकर साहब, जहां तक अम्बाला में और यूनिट लगाने का प्र न है इस बारें में मै सदन को बतानाचाहता हूं कि यमुनानगर में दो यूनिट 210–210 मैगावाट के लगाने जा रहे है। उनके लिए आलरेडी काम भाुरू हो गया हैं जमीन ऐक्वायर कर रहे है। रेलवे साइडिग और दूसरी बात करने लग रहे है जब साठे साहब यहां आए थे तो उन्होने ऐलान किया था कि सातवी पंचवर्शीय योजना मे बाहरी सहायता से भारत सरकार यमुनानगर मं चार यूनिट 210–210 मैगावट के स्थापित करवाएगी। मै समझता हूं कि चाहे अम्बाला हो,

चाहे कोई दूसरी जगह हो, कही भी बिजली की कोई कमी नही रहेगी।

Sh. A.C. Chaudhry: In the las para of the reply, Hon'ble Minister has stated—

नियम 45 के अधीन सदन की मेज पर रखे गए तारांकित प्रश्नों के लिखित उत्तर (7) 23

